53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24
Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर
वर्ष : 53/अंक : 268 रविवार, 28 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 24.2°c
अधिकतम 35.3 °c

**अमृतवाणी**

सलाह के सौ शब्दों से अधिक अनुभव की एक ठोकर इंसान को बहुत मजबूत बनाती है।

सूर्योदय - 6:10, सूर्यास्त - 6:08

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

यूपी अब उपद्रव की नहीं, उत्सव की भूमि बन गयी है : योगी



उपद्रवी कहीं सिर उठाते हैं तो सरकार उनकी तबीयत ठीक कर देती है.......

Sparkles®
Since 1994

0%

MAKING CHARGES ON GOLD, SILVER & DIAMOND JEWELLERY*

22 KT Gold Jewellery of 91.6% Pure With HUID Hallmark

शुद्धता के साथ सस्ता भी

सोने के आभूषण होलसेल रेट पर ज्वैलर्स के लिए भी उपलब्ध हैं।



*T&C Apply

AYUSH DIAMONDS

GF 2-3, ASJ Grand Plaza Mall, Bhopa Road, Muzaffarnagar (U.P )

Mob.: +91-9219400017, 7906683065

ऑनलाइन दरों से कम रेट पर उपलब्ध




IFB
Set yourself free

COMBO OFFER SAVE UP TO ₹13000/-*

EXCHANGE OFFER UP TO 11000/-*
OFF ON LAUNDRIMAGIC

NO COST EMI*

CASHBACK UP TO ₹7500/-*

FIXED EMI STARTING AT ₹1222/-*

Front & Top Loads | 100% Clothes Dryer | Air Conditioner | Dishwasher

*T&C Apply Images are for representation purpose only offers may vary for different products

IFB SERVICE CENTER IN MUZAFFARNAGAR FROM LAST 20 YEARS

IFB POINT

M/S AYUSH ELECTRONICS

Near Baburam Gate No.4, Rajvaha Road, New Mandi, M. Nagar
Shop No. 5 &7, Malviya Chowk, M.M. Inter College Market
Mob.: 8266002900, 9219473577

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 268 रविवार, 28 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये 

## बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा का बड़ा बयान, बोले- अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो



बरेली, 27 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बरेली में शुक्रवार को अचानक भड़की हिंसा से पूरे शहर दहल गया। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने 19 सितंबर को घोषणा की थी कि शुक्रवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान से विरोध-प्रदर्शन निकाला जाएगा। इस घोषणा के बाद ही 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद को लेकर सड़कों पर उतरे। वहीं देर रात तौकीर रजा ने एक वीडियो जारी किया और बड़ा बयान दिया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं, 'अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है।' साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। उनके अनुसार, यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है।

# आई लव मौहम्मद के पोस्टर लगाने पर यूपी में हाईअलर्ट, जनपद से पांच युवक गिरफ्तार

### ▶▶ मीनाक्षी चौक के निकट साक्षी प्रिंटिंग प्रेस पर छप रहे थे आई लव मौहम्मद के पोस्टर व स्टीकर






मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। पूरे उत्तर प्रदेश में इस समय आई लव मौहम्मद बवाल चल रहा है। शुक्रवार को बरेली में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज के साथ साथ गोलियां चलानी पड़ी। सहारनपुर में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। मऊ में पथराव के बाद लगभग 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं कल शुक्रवार को ही आई लव महादेव के बैनर व पोस्टर लगाने के बाद डेढ़ दो घंटे के लिए पुलिस बुढ़ाना सिटी मजिस्ट्रेट हिन्दूवादी नेता के घर पहुंचे और इसी बीच सारे शहर से पोस्टर हटवाए गए। आज दूसरे दिन शनिवार को मुजफ्फरनगर पुलिस अलर्ट मोड पर दिखी और निर्भीकता के साथ खालापार पहुंची और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तितावी थाना क्षेत्र से तीन लागों को और गिरफ्तार किया गया है। जनपद से इस प्रकरण में कुल 5 गिरफ्तारी पुलिस ने की। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत का बताना है कि वीडियो के आधार पर उक्त कार्यवाही की गयी है। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने साथी के माध्यम से एक प्रिंटिंग प्रेस पर आई लव मौहम्मद के पोस्टर छपवाकर शहर में लगाने की प्लानिंग की थी। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी नावेद निवासी दक्षिणी खालापार तथा सिंधबाद निवासी खालापार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पोस्टर व स्टीकर थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मीनाक्षी चौक के पास साक्षी प्रिंटिंग प्रेस से छपवाए थे। उन्हें स्टीकर व पोस्टर प्रिंटिंग प्रेस पर काम करने वाले कालिक हसन ने छापकर दिये थे। हाथोंहाथ पुलिस ने उस प्रेस पर दबिश दी, वहां से कम्प्यूटर, प्रिंटर व पोस्टर बरामद किये गए। एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि पोस्टर व स्टीकर पर यह बात छिपाने के लिए कि पोस्टर कहां से छपे हैं, पोस्टर व स्टीकरों पर प्रकाशक व मुद्रक का नाम ही नहीं था। उक्त मामले में पुलिस प्रिंटिंग प्रेस मालिक की भूमिका की जांच कर रही है। फिलहाल खालापार से पकड़े गए दोनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जबकि तितावी थाना क्षेत्र से पकड़े गए तीन युवक जिनमें हमजा, ओसामा उर्फ बाबा, नजाकत पुत्र सलामू की गिरफ्तारी की गयी है। पुलिस का बताना है कि इनमें से हमजा और ओसामा द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर आई लव मौहम्मद के स्टीकर लगाए जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि नजाकत पुत्र सलामू निवासी छतैला द्वारा यह स्टीकर और बैनर छपवाए गए थे। तितावी से पकड़े तीनों युवकों का भी पुलिस ने चालान कर दिया।


खालापार से पकड़े गए आरोपी


तितावी थाना क्षेत्र से पकड़े गए आरोपी

### मौलानाओं ने की सौहार्द की अपील


**काजी तनवीर आलम** ने कहा कि जो लव मोहम्मद का ट्रेंड सामने आ रहा है, इसके तहत सभी से अपील है कि मोहम्मद हमारे दिलों में रहते हैं। इस पर हमें हिंसा फैलाने की जरूरत नहीं है। हम अगर भाईचारे के साथ रहेंगे तभी तरक्की के रास्ते पर चल पाएंगे।



**मुफ्ती जुल्फिकार अली** ने मुस्लिम समाज से अपील की कि जो मोहम्मद का नाम लेकर हिंसा और अराजकता फैला रहें हैं वो केवल समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। मोहम्मद सभी के हैं, वो पूरे समाज के हैं। ऐसी बातों से बचकर हमें हिंसा का रास्ता छोड़कर तरक्की की राह पर चलना है।



मुजफ्फरनगर से जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के जिला अध्यक्ष मौलाना मुकर्रम कासमी ने कहा कि जो यह पोस्टरबाजी जो हो रही है। हम इसकी निंदा करते हैं और आई लव मोहम्मद लिखना यह अपने आप को गलत हालत में डालना है। उन्होंने कहा कि हम सभी मुसलमान से अपील करते हैं कि पोस्टरबाजी बिल्कुल ना करें और जो डीपी लगा रहे हैं अपने मोबाइल पर वह भी ना लगाए साथ ही मौलाना ने यह मांग भी करी है कि आई लव मोहम्मद के पोस्ट पर जो कार्रवाई हो रही है, वही आई लव महादेव के पोस्टर लगाने वालों के विरुद्ध भी होनी चाहिए, उसमें चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई जरूर होनी चाहिए, जो मुल्क और जिले का माहौल खराब करना चाहते हैं। उन पर कार्रवाई जरूर हो।



**मौलाना मुकर्रम कासमी**
**( जिलाध्यक्ष - जमीयत उलेमा ए हिन्द मुजफ्फरनगर )**

## क्या पोस्टर लगाकर ही किया जा सकता है मौहम्मद और महादेव को याद ?

मुजफ्फरनगर। यूं तो अपने घर, मंदिरों और मस्जिदों में प्रत्येक व्यक्ति जाकर पूजा एवं इबादत करता है। मगर उत्तर प्रदेश में न जाने कौन से उद्देश्य से अब पोस्टर लगाकर मौहम्मद और महादेव के नामों को याद किया जा रहा है। शुरुआत आई लव मौहम्मद के पोस्टर लगने से हुई। क्रिया की प्रतिक्रिया देते हुए हिन्दू संगठनों ने आई लव महादेव, आई लव योगी और न जाने कौन-कौन से आई लव लगा दिये। यह सब क्यों हो रहा है, किसी की समझ नहीं आ रहा है, मगर यह तय है कि यह सभी बातें दो कौमों के दिलों में दूरियां ला रहा है। 2017 के बाद फिर एक बार दिलों में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ता दिखाई दे रहा है और जो भी लोग यह कर रहे हैं अथवा करवा रहे हैं, उनका तो कुछ बिगड़ने वाला है नहीं मगर यह तय है कि इस के आने वाले दिनों में आम आदमी को इन सब बातों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। यदि खामियाजा भुगतने का उदाहरण देखना हो तो बरेली ज्यादा दूर नहीं है, वहां चले जाइये और व्यापार किस तरह से चौपट हो गया है, खुद देख आइये। किसी भी नफरत की शुरुआत दिलों की दूरियां बढ़ने से होती है और जिस काम से दिलों की दूरियां बढ़े वो चाहे हिन्दू हो या मुसलमान उस काम को रोक देना चाहिए। जरूरी नहीं है कि बड़े-बड़े पोस्टर लगाकर ही हम मौहम्मद साहब और महादेव को याद कर सकते हैं। खामोशी से भी इबादत और पूजा होती है। जिन कामों से देश, प्रदेश और जनपद का माहौल खराब होता हो वह कार्य दोनों पक्षों में से किसी भी पक्ष को नहीं करना चाहिए। बाकी जिसे जो करना है वह करे, मगर इतनी सी बात का ध्यान रहे कि जब माहौल बिगड़ते हैं तो नुकसान भी दोनों ही कौमों को उठाना पड़ता है। उस समय सियासत करने वाले दाएं-बाएं भी नहीं फटकते। उदाहरण के तौर पर खालापार में दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद कौन नेता उनका रहनुमा बनकर उन्हें छुड़वाने का काम कर लेगा, इसका दण्ड सिर्फ और सिर्फ उसके परिवार को ही भुगतना पड़ेगा, बाकी आपकी मर्जी।

## बरेली में बवाल करना पड़ा महंगा, पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत 8 को किया गिरफ्तार




बरेली, 27 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस फुल एक्शन मोड में है। पुलिस ने इस विवाद को लेकर मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। तौकीर रजा को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने तीन दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। इसके अलावा 2,000 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बरेली के अलग-अलग 5 थानों में 11 एफआईआर दर्ज की गई है। चार इलाकों के सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के सुप्रीमो तौकीर रजा पर भी केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वो पहले हिरासत में थे। इस बवाल में 17 पुलिस के लोग और 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। पुलिस ने इस मामले में अभी तक 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। इन फुटेज की जांच के आधार पर ही इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। बरेली हिंसा को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। आईजी के मुताबिक, शहर में 3-4 जगहों पर एक साथ हंगामा हुआ, जिसमें उपद्रवियों ने फायरिंग और पथराव किया। इस दौरान हुई झड़पों में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। शुक्रवार को बरेली के अलावा मऊ, सहारनपुर और लखनऊ में भी विवाद भड़काने की कोशिश की गई। अब पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त रुख अपनाने जा रही है।

## गुरुग्राम में डिवाइडर से टकराकर पलटी थार, 5 की मौत

गुरुग्राम, 27 सितंबर (एजेंसी)। हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार सुबह दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। यूपी नंबर की इस काले रंग की थार में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां थीं। हादसे में दो युवक और तीन युवतियों की मौत हुई है। वहीं एक मृत युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा के रूप में हुई है, जो रायबरेली के जज चंद्रमणि मिश्रा की बेटी हैं। घटना की सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे से पहले का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया, जिसमें थार हाईवे पर तेज रफ्तार में निकलती हुई नजर आ रही है। इस घटना में मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे, इनमें रायबरेली की प्रतिष्ठा मिश्रा (25), आगरा के आदित्य प्रताप सिंह (30) व लवनय (26) शामिल हैं। गौतम (31) सोनीपत के रहने वाले थे। हालांकि वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा में रहते थे। एक अन्य मृतका का नाम सोनी है। वह कहां की रहने वाली है, ये अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं, घायल युवक की पहचान कपिल शर्मा (28) के रूप में हुई, जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है।

# अब जनपद मुजफ्फरनगर में बीएनएस की धारा 163 लागू

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने जनपद में बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी है। इसके

**त्यौहारों और 'आई लव' प्रकरण के मद्देनजर सख्ती**

साथ ही, हालिया "आईलव" वाले प्रकरण से उत्पन्न संभावित तनाव को देखते हुए भी यह कदम उठाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब किसी भी सार्वजनिक स्थान पर एक समय में चार या चार से अधिक लोग एक




साथ खड़े या इकट्ठा नहीं हो सकेंगे। यदि कोई भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध त्यौहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने, शांति बनाए रखने के उद्देश्य से लगाया गया है। लोगों से अपील की गई है कि वे प्रशासन के इन निर्देशों का पालन करें और शांति व सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करें। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कार का कहर, 6 लोगों को रौंदा, 4 की मौत

आगरा, 27 सितंबर (एजेंसी)। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ़्तार कार एक्सप्रेस वे किनारे मेंटेनेंस कार्य कर रहे, यूपीडा के 6 श्रमिकों को रौंदते हुए डिवाइडर से टकराई और टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन पर चली गई। इस हादसे में 4 की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है, 2 घायल श्रमिकों को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों जिंदगी व मौत से जूझ रहे हैं। कार सवार मौके से फरार हो गए हैं। मृतकों के परिजनों ने हंगामा कर एक्सप्रेस वे पर जाम लगा दिया। जाम और बवाल की सूचना पर सीओ बांगरमऊ, सीओ हसनगंज समेत भारी पुलिसबल मौके पर पहुंचे। भीड़ को समझाना शुरू किया, करीब 2 घंटे तक लखनऊ से आगरा तरफ का सड़क मार्ग ठप रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को प्रशासनिक मदद व कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाने में सफल हुए। आगरा एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 258 किलोमीटर के पास बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में सुबह भीषण हादसा हो गया।

# दंगाइयों को योगी की सीधी चेतावनी, बोले- किसी ने अराजकता फैलाई तो घर पर ही नहीं छाती पर भी चल सकता है बुलडोजर

लखनऊ, 27 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बरेली में जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए जमकर गरजे। सीएम योगी ने उपद्रवियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि, जब भी कोई हिंदू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई की जिक्र करते हुए कहा कि यह डबल इंजन की सरकार है अराजकता बर्दाश्त नहीं करती और यदि किसी ने अराजकता की तो उसकी छाती पर बुलडोजर चलाना भी जानती है।

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली हिंसा पर सख्त रूख दिया है। सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्हें शांति और खुशहाली अच्छी नहीं लगती है। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है, इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मानाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़-फोड़ करोगे तो ये सही नहीं है। आगे सीएम ने कहा कि,



आस्था अंतर्कलह का विषय है, प्रदर्शन का विषय नहीं हो सकता। जिसकी जो आस्था है, अपनी आस्था के अनुसार कार्यक्रमों को संपन्न करें, किसी को आपत्ति नहीं होगी, लेकिन आस्था के नाम पर तोड़फोड़ करोगे, आगजनी करोगे, आस्था के नाम पर राह चलते हुए नागरिकों पर हमला करोगे, पुलिस पर हमला करोगे तो 'छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं', अगर ऐसे आतंक फैलाओगे तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने आगे कहा कि अराजकता स्वीकार्य नहीं है। हम सबको सम्मान देंगे, सबको सुरक्षा देंगे लेकिन अगर किसी ने सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया, निर्दोष नागरिकों पर हमला किया, तो उसकी कई पीढ़ियों के सामने ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि उनके लिए एक नजीर बन जाएगा। पर्व और त्योहारों के समय माहौल खराब करना स्वीकार्य नहीं है। मैं फिर कहूंगा कि अगर किसी ने सड़कों पर प्रदर्शन करके उपद्रव करने का दुस्साहस किया तो उनको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## कोर्ट पहुंचा एमएसओ, 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद, गिरफ्तारियों के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसी)। 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर प्रकरण में दर्ज एफआईआर और की गई गिरफ्तारियों के खिलाफ मुस्लिम स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एमएसओ) और सुन्नी संगठन रजा अकादमी ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि यह पोस्टर महज भक्ति और आस्था की अभिव्यक्ति थे, लेकिन इन्हें जबरन सांप्रदायिक रंग देकर कार्यवाही की गई। याचिका में कहा गया है कि कई स्थानों, जिनमें उत्तर प्रदेश के कैसरगंज और बहराइच शामिल हैं पर साधारण नागरिकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि वे सिर्फ अपने धार्मिक उत्सवों में पोस्टर-बैनर लगाकर और शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर आस्था व्यक्त कर रहे थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि बिना किसी ठोस सबूत के उन्हें दंगाई, भयादोहन और शांति भंग करने जैसे संगीन आरोपों में फंसा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह एफआईआर साम्प्रदायिक प्रवृत्ति वाली हैं और इनका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय की धार्मिक अभिव्यक्ति को अपराध घोषित करना है। विवाद की शुरूआत 9 सितंबर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए जाने पर पुलिस ने नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले ने तूल पकड़ते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी तक का ध्यान खींचा, जिन्होंने कहा था कि 'आई लव मोहम्मद' कहना कोई अपराध नहीं है। धीरे-धीरे यह विवाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों से निकलकर उत्तराखंड और कर्नाटक तक फैल गया, जहां विरोध-प्रदर्शन और पुलिस की सख्ती देखने को मिली।

# 'डार्क रूम' वाले कैफे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### ▶▶ आपत्तिजनक स्थिति में मिले दर्जनों छात्र-छात्राएं

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। जिले में डार्क रूम बनाकर कैफे के नाम पर चल रहे अनैतिक गतिविधियों के अड्डे का शुक्रवार को पदार्फाश हुआ। थाना नई मंडी क्षेत्र के विश्वकर्मा चौक स्थित स्वरूप प्लाजा मार्केट के बेसमेंट में संचालित एक कैफे पर सिविल लाइन और नई मंडी पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान बेसमेंट के छोटे-छोटे केबिन (डार्क रूम) से बड़ी संख्या में कम उम्र के छात्र-छात्राएं आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए।

### पूछताछ के बाद छोड़ा गया, मालिक मौके से नदारद

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। पकड़े गए सभी छात्र-छात्राओं को पूछताछ के बाद उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि, इस गंभीर कार्रवाई के काफी देर बाद तक भी कैफे का मालिक और उच्च अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे इस तरह के अवैध संचालन पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्केट के बेसमेंट में इस तरह डार्क रूम बनाकर कैफे चलाने की अनुमति किसने दी, इसकी गहन जांच जरूरी है। पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह छापेमारी शहर में अवैध रूप से संचालित ऐसे कैफे पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### घंटों के हिसाब से किराए पर मिलते थे 'डार्क केबिन'

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई विश्वकर्मा चौक पर स्थित 'फ्री फायर कैफे' और 'कैफे कॉर्नर' जैसे कैफे सेंटर्स पर हुई, जो बेसमेंट में संचालित थे। इन कैफे के अंदर छोटे-छोटे 'डार्क केबिन' बनाए गए थे, जिन्हें युवक-युवतियां घंटों के हिसाब से किराए पर लेते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को पकड़ा। पकड़े गए लोगों में ज्यादातर स्कूल और कॉलेज की छात्राएं थीं, जिनमें से कई लड़कियां स्कूल यूनिफॉर्म में मिलीं। पुलिस ने मौके से बीयर की खाली बोतलें, कैनें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है।

## शहर में घूम रहे फर्जी पत्रकार, एसएसपी ने दी जमकर खुराक, हुआ चालान

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। शनिवार की दोपहर एसएसपी संजय कुमार वर्मा अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल उत्तराखंड स्टेट का प्रभारी बताया और कार्यालय में अपने नाम की पर्ची भेजी। प्रभारी होने के नाते एसएसपी ने तत्काल उसे अंदर बुलाया मगर जिस मामले में अपने को प्रभारी बताने वाला शख्स सिफारिश कर रहा था, उसके हाव-भाव देखकर एसएसपी को शक को गया। तभी एसएसपी ने उसकी आईडी व देहरादून के स्टाफ के बारे में जानकारी हासिल करनी चाहिए। बस इसी में सारी पोल खुल गयी वह किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दे पाया। इसी बीच एसएसपी के सवालों में फंसता चला गया। देहरादून के एक रिपोर्टर ने जब एसएसपी से इस बाबत बात की तो यह तस्वीर साफ हो गयी कि वह झूठ बोलकर सिफारिश करने के लिए आया था। इतना पता चलते ही एसएसपी ने उक्त व्यक्ति को जमकर फटकर लगाई और पूरी खुमारी उतारते हुए हाथोंहाथ पुलिस बुलाकर संदिग्ध युवक मोहित निवासी मौहल्ला श्यामली, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर का शांतिभंग की आशंका में चालान करा दिया।



## दवा कंपनी के फर्जी सिरप स्टिकर बरामद, तार दुबई से जुड़े होने की आशंका जताई


मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। शनिवार को मुजफ्फरनगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी उस समय मिली, जब सिविल लाइन थाना और खालापार पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक के मिश्रा ने एक विवादित मामले की जांच के दौरान अवैध रूप से प्रिंट हो रहे एक बड़ी दवा कंपनी के सिरप बोतलों के स्टीकर भारी मात्रा में बरामद किए। पुलिस की जांच के दौरान यह चौंकाने वाला 'कारनामा' सामने आया। जब पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को समझा, तो प्राथमिक तौर पर इसके तार दुबई से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस एक अन्य विवाद से जुड़े तथ्यों को जुटाने के लिए मैदान में उतरी थी, जब यह बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने एक प्रिंटिंग की दुकान से ये स्टीकर जब्त किए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने स्टीकरों को जब्त करने के साथ ही इनसे जुड़ी और जानकारी जुटाने में जुट गई है। फिलहाल पुलिस ने प्रिंटिंग की दुकान के कंप्यूटर भी जब्त कर लिए हैं और पूरे मामले को बारीकी से खंगाल रही है, ताकि इस बड़े फर्जीवाड़े की तह तक पहुंचा जा सके। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला नकली दवाओं के गोरखधंधे से जुड़ा हो सकता है।





# क्या इस बार बोर्ड में पास हो पाएगा बंदरों और कुत्तों से निजात दिलाने वाला प्रस्ताव ?

### ▶▶ बुलेटिन पहले ही दे चुका है जानकारी कि जनपद में कितने लोग हुए हैं 8 महीने में शिकार

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। कुत्तों और बंदरों के आतंक से जनपद का शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी परेशान हैं। अगर हम सिर्फ जनपद मुजफ्फरनगर के शहरी क्षेत्र की ही बात करें, तो इस क्षेत्र के जिला अस्पताल में ही प्रतिदिन 60 से 70 मामले रैबीज के आ रहे हैं। ऐसे में अगस्त में रैबीज यानी कुत्ते के काटने के कारण एक मौत भी हो चुकी है। लोगों का सिर्फ एक ही सवाल है कि जिन प्रतिनिधियों को हम चुनकर भेजते हैं, वो इन बड़े मामलों में कुछ कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं? आखिर कब तक स्थानीय लोग और बच्चे इन आवारा कुत्तों और बंदरों का शिकार होते रहेंगे? आपको बता दें कि इस मामले में नगरपालिका परिषद जमीनी स्तर पर कुछ नहीं कर पाया है। अभी जो भी बातें हो रही हैं, वह केवल कागजों और फाइलों तक ही सीमित हैं। अभी धरातल पर इस गंभीर विषय पर कुछ भी नहीं हुआ है। बुलेटिन की टीम ने इस विषय पर जानकारी एकत्रित की, तो पता चला कि कुत्तों से निजात दिलाने के लिये नगरपालिका की टीम 2 डॉग कैप्चर वाहन मंगवा रही है, जिसके बाद पशु चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ इन आवारा कुत्तों की नसबंदी करेंगे। नसबंदी के बाद यह देखना है कि कुत्तों को कहां छोड़ा जाता है। इसी विषय पर संशय बना हुआ है, क्योंकि कुत्तों को ऐसे ही जंगल में ले जाकर नहीं छोड़ा जा सकता है। इसका मुख्य कारण है कि यह पशु क्रूरता अधिनियम में आता है। वहीं दूसरी ओर बंदरों के लिये दो स्पेशलिस्टों को टेंडर देने की तैयारी है। जो इन बंदरों को पकड़ेंगे, फिर इनकी नसबंदी करके इन्हें जंगल या फिर ऐसी जगह छोड़ सकते हैं, जहां इनके लिये उचित वातावरण हो। बंदरों को अगर जंगल में छोड़ भी दिया जाता है, तो यह पशु क्रूरता अधियनियम का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अभी यह दोनों प्रस्ताव नगरपालिका बोर्ड को भेजे गये हैं। इनकी बैठक होगी। इस पर इसके सदस्य चर्चा करेंगे, जिसके बाद इन प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। पर अब देखना होगा कि इस गंभीर विषय पर बोर्ड कोई निर्णय भी लेता है या फिर अन्य मामलों की तरह इसकी फाइल भी किसी कोने में पड़ी-पड़ी धूल फांकती रहती है।





### 8 माह में 43 हजार लोगों को बंदर और कुत्तों ने काटा

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही जनपद में कुत्तों और बंदरों के काटने वाला हैरान कर देने वाला आंकड़ा सामने आया था, जिसको मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जब यह आंकड़ा जुटाया गया, तो बुलेटिन खुद हैरत में रह गया। मात्र 8 माह में 43,624 मामले सामने आये हैं जो प्रतिदिन के हिसाब से देखें, तो एक बहुत बड़ा आंकड़ा है। प्रतिदिन 180 लोगों को बंदर और कुत्ते काट रहे हैं। आपको बता दें कि जनवरी 2025 में पूरे जनपद में 5224 मामले रैबीज के सामने आये हैं, वहीं फरवरी 2025 में 5978 मामले सामने आये। मार्च में यह आंकड़ा बढ़कर 6122 हो गया। अप्रैल में यह आंकड़ा 5393 रहा। मई में यह आंकड़ा 5059 तक पहुंचा, जून में आंकड़े में थोड़ी कमी आई और यह 4737 दर्ज किया गया। जुलाई में यही आंकड़ा 5553 तक पहुंचा। वहीं अगस्त में यह आंकड़ा 5550 तक पहुंचा गया। यानि 8 महीनों में कुल 43 हजार 624 मामले दर्ज किये गये। इस मामले में चिकित्सकों की मानें तो इन मामलों में 95 प्रतिशत से ज्यादा मामले कुत्तों के काटने के हैं।

## जूतों की दुकान पर जूतम पैजार, जूता बदलने आए सलमान ने दुकानदार के स्टाफ से की मारपीट



मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में शाम के समय जूता दुकानदार गुप्ता स्पोर्ट्स पर उस समय जमकर मारपीट हुई जब गांव नंगला का रहने वाला युवक सलमान जूता बदलने के लिए दुकान पर पहुंचा था। इस पर गुप्ता स्पोर्ट्स के स्वामी का पुत्र मौजूद था, जिसने सलमान को कहा कि कल आकर जब पापा होंगे, जूता बदल लेना। इसी बात पर सलमान ने बखेड़ा खड़ा कर दिया। इसी बीच जब दुकान पर काम करने वाले कर्मियों ने सलमान को समझाने का प्रयास किया। कुछ भी न समझते हुए सलमान ने दुकान के कर्मचारियों से मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की बात जब शहर कोतवाली पहुंची तो पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों का समझौता करा दिया।

## माँ दुर्गा की छठी शक्ति

**|| कात्यायनी ||**



चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याछेवी दानवघातिनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

## गोरखपुर कांड का आरोपी जुबैर मुठभेड़ में ढेर

**गोरखपुर, 27 सितंबर (एजेंसी)।** गोरखपुर में हुए बवाल के मामले में एक लाख रुपये का इनामी गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। मुठभेड़ के दौरान फायरिंग में एक उप निरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए जबकि दो गोलियां सीओ सिटी जितेंद्र सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी हैं। वह बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीआईजी मुनिराज जी समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंच गए। शहर के मोहल्ला कोतवाली क्षेत्र के घेर मर्दान खां निवासी जुबैर उर्फ कालिया शुक्रवार की रात करीब दस बजे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रात करीब दस बजे सीओ सिटी जितेंद्र सिंह पुलिस के साथ गंज थाना क्षेत्र के चाकू चौराहे के पास चेकिंग कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन बाइक सवार ने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे ढेर कर दिया। गो तस्कर की फायरिंग में गंज थाने में तैनात दरोगा राहुल सिंह व कांस्टेबल संदीप सिंह घायल हो गए।

## गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में गंभीर चूक, काफिले में घुसी कार, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमति शाह चुनावी राज्य बिहार के दौरे पर हैं। उनसे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। उनकी सुरक्षा में गंभीर चूक हुई है। उनके काफिले में अचानक से एक अज्ञात कार घुस आई। आनन-फानन में उस फोर व्हीलर को साइड किया गया। बिहार में विधानसभा चुनाव होना है,



ऐसे में दिग्गज नेताओं का प्रदेश में आना जाना लगा है। देश के गृहमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह भी चुनाव के सिलसिले में बिहार में हैं। वह पटना एयरपोर्ट जाने के लिए निकले थे, जब उनकी सुरक्षा में चूक हुई। हालांकि, सुरक्षा दस्ते की टीम ने तत्काल एक्शन लिया और हालात को नियंत्रण में किया। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह बिहार की राजधानी पटना में थे। वे वहां से सराय रंजन जाने के लिए निकले थे। अमित शाह का मोटरकेड यानी वाहनों का काफिला पटना एयरपोर्ट के करीब ही पहुंचा था कि अचानक से एक अज्ञात कार उनके काफिले में आ घुसा। अंजान कार को गृह मंत्री के काफिले में देख सुरक्षाबलों के हाथ-पैर फूल गए। वहां तैनात पुलिसवालों को जब इस चूक का एहसास हुआ तो चिल्लाने लगे। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड्स ने तत्काल एक्शन लेते हुए उस कार के वहीं साइड में कर दिया। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह का काफिला बिना किसी अड़चन के एयरपोर्ट पहुंच गया।

# तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 36 मौतें

**करूर, 27 सितंबर (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मचने की खबर है। इस भगदड़ में 36 लोगों की मौत होने का समाचार है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम ए सुब्रमणियन ने यह जानकारी दी। हादसे में 58 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जानकारी के मुताबिक अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। हालात बिगड़ते देख विजय ने भाषण रोक दिया और लोगों से शांति की अपील की। इसके बाद वे भाषण छोड़कर निकल गए। विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमीशन थी। प्रशासन को 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमान था, लेकिन वहां करीब 1 लाख 20 हजार लोग एकत्र हो गए थे। तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली के दौरान भगदड़ मचने के बाद सीएम एम.के. स्टालिन ने स्थिति को गंभीर बताया। वे स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम, पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी, जिला कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। स्टालिन चेन्नई में अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एडीजीपी से भी स्थिति नियंत्रण के



लिए तेजी से कार्रवाई करने को कहा है।

## एक साल में दो भगदड़, उनसे सबक नहीं लिया

**करूर, 27 सितंबर (एजेंसी)।** 4 जून 2025 को आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की आईपीएल जीत के जश्न के लिए बेंगलुरु में विक्ट्री परेड निकाली गई थी। इसमें लाखों लोग शामिल हुए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में एंट्री के दौरान भगदड़ मची। 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। वहीं दुसरी तरफ 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान अल्लू अर्जुन को देखने के लिए फैंस की भारी भीड़ जमा हो गई थी। जब अल्लू अर्जुन कार्यक्रम में पहुंचे, तो फैंस बेकाबू हो गए और उन्हें देखते हुए भीड़ बढ़ गई।



इसी अफरातफरी में एक महिला की मौत हो गई और उसका बच्चा घायल हो गया था।

# शिवमंदिर के बाहर साम्प्रदायिक माहौल बना रहे कथित हिन्दूवादी नेता हैं दलाल

## बिट्टू सिखेड़ा के विरुद्ध शिकायत देना मानसिक दिवालियापन की निशानी

**मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)।** क्रान्ति सेना द्वारा आज अपन कार्यालय पर एक बड़ी मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें क्रान्ति सेना के संस्थापक ललित मोहन शर्मा ने कहा कि शिवसेना के जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा के विरूद्ध कप्तान साहब को शिकायत देने वाले मानसिक दिवालियापन के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी तो ऐसे लोगों की मामूली सी असलियत उजागर की गयी है, इतने में ही स्थिति पागलों जैसी हो गयी है, जब पूरे मामले का खुलासा करेंगे तो ना जाने क्या होगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक बैठक के साथ-साथ पिछले 15 दिनों से अस्पताल चौक स्थित शिव मंदिर का जो मुद्दा साम्प्रदायिक बनाया जा रहा है, उसमें पैसों की सैटिंग-गैटिंग के अलावा कोई मामला नहीं है। मंदिर परिसर में जो किरायेदार बैठे हैं, वें कहने को तो अपने को हिन्दू बताते हैं, मगर जब कमैटी द्वारा यह सवाल किया गया कि क्या 100 रुपये महीने के किराये से मंदिर के पुजारियों की सेलरी दी जा सकती है और कमैटी ने जब किराया बढ़ाये जाने का आग्रह किया तो बात को घुमाने-फिराने के लिए कथित हिन्दू संगठनों को आगे कर पचास साल पुराने मुस्लिम बिट्टू कबाड़ी का मुद्दा उठा दिया गया।

उन्होंने कहा कि जिस बिट्टू उर्फ नदीम नामक कबाड़ी को मंदिर का किरायेदार बताकर माहौल मे साम्प्रदायिक जहर घोला जा रहा है, वह मंदिर के बगल में मौजूद पवन कुमार नामक सर्राफ के भवन में पिछले 30 साल से किरायेदार है और कबाड़ी का काम कर रहा है। ऐसे में क्रान्ति सेना व शिवसेना दोनों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाये, अन्यथा की स्थिति में कभी भी जनपद में




साम्प्रदायिक तनाव बन सकता है और अपने को हिन्दू नेता बताने वाले क्षेत्र के सौहार्द को आग लगाते दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए शैंकी शर्मा जैसे लोग शिवमंदिर के बाहर खड़े होकर बिट्टू कबाड़ी की दुकान में आग लगाने की बात कहते हैं। ऐसी बातों से माहौल साम्प्रदायिक बन रहा है। क्रान्ति सेना के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा व पूनम चौधरी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वें अनुरोध कर रहे हैं कि दूसरे संगठनों के लिए ऐसा ही आचरण करें जैसे अपने लिए स्वीकार कर सकते हैं, नहीं तो वह दिन दूर नहीं कि पूरे मामले का खुलासा स्वयं शिवसेना व क्रान्ति सेना द्वारा कर दिया जायेगा। इस अवसर पर आज मीटिंग में महामंडलेश्वर संजीव शर्मा प्रदेश सचिव क्रांति सेना, प्रमोद अग्रवाल पूर्व प्रदेश उप प्रमुख शिवसेना प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा जिला अध्यक्ष शिवसेना, पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा क्रांति सेना, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, प्रीति ठाकुर, सुमन प्रजापति जिला महामंत्री, अनीता प्रजापति जिला सचिव, मुकेश त्यागी जिलाध्यक्ष क्रांति सेना, देवेंद्र चौहान नगर अध्यक्ष क्रांति सेना, मितलेश गिरी जिला सचिव, पूजा शर्मा मंसूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष, वेद प्रकाश शर्मा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष, उज्ज्वल पंडित युवा नगर उपाध्यक्ष, नरेंद्र ठाकुर जिला उपाध्यक्ष क्रांति सेना, निकुंज चौहान जिला महासचिव युवा मोर्चा, रोहित धीमान, विनय जिंदल आदि सैकड़ों महिला एवं कार्यकर्ता में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुकेश हत्याकांड में वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ़्तारी नहीं होने पर यशवीर महाराज ने प्रशासन को चेताया

**मीरापुर, 27 सितम्बर (बु.)।** मीरापुर में सड़क दुर्घटना के बाद गुस्साई भीड़ द्वारा बस परिचालक दलित मुकेश की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ़्तारी नही होने पर मृतक के परिजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ स्वामी यशवीर महाराज के बघरा आश्रम पर पहुँचे और हत्याकांड में नामजद कई आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं होने की बात कहते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई। उक्त मामले में स्वामी यशवीर महाराज ने शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मीरापुर पहुँचकर आरोपियों के घरों के बाहर धरना देने की चेतावनी दी। यशवीर महाराज की चेतावनी से प्रशासन में हड़कम्प मच गया है। करीब दो माह पूर्व 4 अगस्त को भूम्मा निवासी बस परिचालक मुकेश पुत्र सोमपाल की बस के ब्रेक फेल हो जाने से मीरापुर में स्कूटी सवार दो युवकों के टक्कर लग गई थी। युवकों के घायल होने के बाद उनके परिजनों व परिचित लोगों की भीड़ ने बस परिचालक की जमकर पिटाई की थी। उपचार के दौरान मुकेश की मौत हो गई थी। उक्त मामले में मुकेश के पुत्र अक्षय ने सात नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, जिनमें पुलिस चार नामजद व पांच अज्ञात लोगों को गिरफ़्तार कर जेल भेज चुकी है। मृतक के परिजनों के अनुसार फरार चल रहे आरोपी खुले घूम रहे है तथा उन्हें धमकी दे रहे हैं। उक्त मामले में शनिवार को पीड़ित दलित परिवार योग साधना यशवीर आश्रम बघरा पहुँचा और स्वामी यशवीर महाराज से मिलकर अपना पक्ष रखते हुए बताया कि फरार आरोपी खुले घूम रहे हैं। पीड़ित दलित परिवार को घर आकर धमकी दे रहे हैं, जिस पर स्वामी यशवीर महाराज ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि फरार नामजद तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं हुई, तो वह हिंदू समाज के लोगों को लेकर मीरापुर कूच करेंगे और फरार तीनों आरोपियों के घर के बाहर धरने पर बैठेंगे तथा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने धरना जारी रखेंगे।

## छींटाकशी के विरोध पर मारपीट, युवक घायल

**मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)।** थाना नई मंडी क्षेत्र के मखियाली में चीनी लेकर आ रहे एक युवक पर मोहल्ले के कुछ लड़कों ने छींटाकशी की। छींटाकशी के बाद जब युवक ने विरोध किया तो सालिब पुत्र इंतजार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जहां गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।



# चोरों ने खंगाला वकील का आवास, लाखों की चोरी

## अलमारी में रखे लगभग 42000 रुपए और अंगूठी, मंगलसूत्र सहित लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गये चोर

**भोपा, 27 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में अपनी पत्नी के साथ पशुओं को चारा डालने घेर में गए वकील के आवास पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। अलसुबह हुई लाखों की चोरी की घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी राजेंद्र सिंह मुजफ्फरनगर कचहरी में वकील है और अपने दो पुत्रों के अन्य जनपदों में चिकित्सा विभाग में कार्यरत होने के कारण



गांव में ही अपनी पत्नी बीरमती के साथ निवास करते हैं। शनिवार सुबह राजेंद्र सिंह अपने घर के मुख्य द्वार का तालाबंद कर अपनी पत्नी के साथ घर के पास ही घेर में पशुओं को चारा डालने के लिए गए थे। पीड़ित के अनुसार दोनों की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर कोई अज्ञात चोर दीवार फांदकर या छत के रास्ते घर में घुस गया और कमरे का दरवाजा खोलकर कमरा खंगालते हुए अलमारी में रखे लगभग 42000 रुपए और अंगूठी, मंगलसूत्र सहित लगभग ढ़ाई लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गया। काम निपटाकर जब पति-पत्नी घेर से वापस घर लौटे, तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और कमरे में रखी अलमारी का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। कमरे की हालत देख दोनों को चोरी की घटना का पता चला, जिस पर दंपत्ति ने शोर मचा दिया, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार और सीकरी चौकी प्रभारी सपन चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की, जिसके बाद फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। अलसुबह वकील के आवास पर हुई लाखों की चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने घटना के खुलासे की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिरालसी के शिव मंदिर से शिवलिंग पर से नाग चोरी

**मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)।** जनपद के चरथावल थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरालसी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर से एक चौंकाने वाली चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर सुशोभित नाग को चोरी कर लिया। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और चरथावल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना देर रात की है, जब अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया। सुबह मंदिर के पट खुलने पर जब पुजारी और ग्रामीणों ने देखा कि शिवलिंग पर लगा नाग (संभवतः धातु का या कोई बहुमूल्य वस्तु) गायब है, तो उनमें रोष फैल गया। नाग चोरी होने की सूचना तुरंत चरथावल पुलिस स्टेशन को दी गई। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल ग्राम बिरालसी पहुंचा और मंदिर परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल शुरू की है। पुलिस ने मंदिर समिति के सदस्यों से भी आवश्यक जानकारी जुटाई है और मामले में जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस चोरी की घटना से बिरालसी और आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं में गहरी नाराजगी है। ग्रामीण पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर चोरी हुए नाग को बरामद करने की मांग कर रहे हैं।

## गंगा में बहता मिला बालू निकालने गए ग्रामीण का शव

**भोपा, 27 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व गंगा नदी से बालू निकालने गए गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए ग्रामीण का शव गंगा नदी में बहता मिला, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इससे पूर्व ग्रामीण के लापता हो जाने पर ग्रामीणों ने मगरमच्छ द्वारा हमला कर उसे निगल जाने की आशंका जताई थी। भोपा थानाक्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी चंद्रबोस सैनी लगभग दो सप्ताह पूर्व अपने साथियों विनोद और अरुण के साथ भैंसा बुग्गी लेकर बाणगंगा से बालू निकालने गया था। चन्द्रबोस और उसके साथी नदी के पास बालू भर रहे थे, तभी चंद्रबोस अचानक गायब हो गया। कुछ देर दिखाई ना देने पर उसके साथियों ने लघु शंका के लिए जाने की बात सोचकर उसका इंतजार किया, लेकिन जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा, तो मामले की सूचना ग्रामीणों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया था और सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर नदी में चंद्रबोस की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया था। भोपा पुलिस और गोताखोरों द्वारा कई दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के बाद ग्रामीणों ने चन्द्रबोस को मगरमच्छ द्वारा निगल लेने की आशंका जताई थी, तभी से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शनिवार सुबह कुछ ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने गंगा नदी में एक शव बहता देख मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी शिनाख्त चंद्रबोस के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शव मिलने के बाद चन्द्रबोस की पत्नी सुनीता, कामिनी, चांदनी, रमा, अंजु और पुत्र अभिषेक का रो रोकर बुरा हाल हैं और पूरे गांव में शोक की लहर है।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक 1264/नि०वि०/2025-26 | दिनांक 27.09.2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

समस्त ठेकेदार/फर्म स्वामियों को सूचित किया जाता है कि **नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर कार्यालय के गेट संख्या-01 व गेट संख्या 03 के मध्य में सड़क साइड पटरी व सौन्दर्यकरण का कार्य** कराना चाहती है।

अतः इच्छुक ठेकेदार/फर्म स्वामी अपनी-अपनी सीलबंद रेट कुटेशन दर सहित दिनांक 29.09.2025 से दिनांक 06.10.2025 तक समय 3:00 बजे कार्यालय में दस्ती अथवा डाक द्वारा प्राप्त करा सकते हैं तथा प्राप्त रेट कुटेशनों को दिनांक 06.10.2025 सायं 4:00 बजे खोला जायेगा। सशर्त रेट कुटेशन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी रेट कुटेशन अथवा सभी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है और अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवस में कार्यालय सम्पर्क कर सकते हैं जिसकी मद सूची निम्नवत है :-

| S.No. | Particulars of Item | Qty | Unit | Rate |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Design, Drawing, and supply of life-sized FRP Murals made from durable, weather-resistant material with detailed facial features and PU finish, Each murals will include a nameplate and be crafted as per approved references for accurate representations, as approved by previous department work rate (8x8) **FEET 2 NOS** | 1 | Sqm. | |
| 02 | **SEED OF LIGHT-TREE LIGHTING SCULPTURE** (Height 20’) Diameater 10’ stainless Steel Included 14ss Bunches Flowers And Every Bunches as 14 seeds if flower IP 65/IP 66 driver AS per Drawing | 1 | Nos | |
| 03. | Hybycozo Description the Hyperspace Bypass Construction Zone is an art installation sisting of complex 3d shapes or very npla 4d shapes depending on how you sokk sculptures that, by day appear solid and at nigh cast otherworldy patterns of light and shadow on the surrounding earth specification height 6’ (approx) total 14 sheet of 4X18 piece & 2x26 piece enirely made with ss (304) exclusive design on sheet (Laser Cut) Electrical Deatils Driver IP65/IP66 Waterproof and rust prevention input Voltage Ac 100-240v 50/60 H operating Temp-30 c-60 cabel details 1.5 sq. mm 2/3 core cabel Power Consumption-240 W MOUNTING fream with concarate base work. | 1 | Nos | |
| | **PART (a)** | | | |
| **4** | **CNC Decorative Pole** | | | |
| a. | Street Lamp with 4 Directional Light Throw with 65W 4000K Lumins Light Source-SS-304 Built Steel with 4mm. Thickness Jali Architecture Panel Integrated with Ambient Light. 1 | Nos | | |
| b. | Construction of Pole Plinth Size 1400mm 55mm 55mm including RCC Concrete M-24, 12mm Dia Steel and 1.5M Long, 8 Nos @ 50mm*500mm Ring 8mm Dia Steel, 200mm C/C Including All Complete. | 1 | Nos | |
| c. | Supply and Wiring of Submain with Two Number 2.5 Sq.mm. FRLSH PVC Insulated 1100 V Grade Multistrand Single Core Copper Conductor Cable in 20mm. Dia Heavy Gauge Rigid Steel Conduit on Surface with One Number 1.5 SWG Copper Earth Continuity Wire etc. Complete in All Respect 2.5 MM SOR 1301 (B) | 1 | Nos | |
| d. | S/L of Aluminum conductor PVC Insulated Armoured Served Sheathed Cables 1.1 KV, 1100 Volts Grade at a Depth of 750mm Below Ground Level Over a Cushion of 75mm Thick Sand All Around and Protected with Burnt Bricks on Side and on Top. One End of the Cable Run Shall Be Fixed on M.S. Clamp etc., Complete in All Respect. The Armouring of the Cable Shall be Properly Connected with the Earth Conductor by Clamp etc. 16 Sqmm 4 Core (SOR : 501-2018) | 1 | Rmt. | |
| e | S/F 50 mm HDPE Pipe | 1 | Rmt. | |
| f | S/F of 25 Amp. TPN Capacity of Automatic Street Light Cubicle Control Panel Painted with Anticorrosive Alkali and Acid Proof Paint Consisting of TP Main Switch 100 A with Encolsoure, HRC Fuses, Isolating Switch, Metering Instruments with MCB Box with CTS, Astro Timer Switch, etc. Complete in All Respect | 1 | Nos. | |
| g | Supply and Fixing of Palm of Pin Type Copper Tin Plated Cable Socket (Lug) 16 Sqmm, with Insulating Tap and Making Connection etc. (SOR-504D) | 1 | Nos. | |
| h. | S/F of 6 Amp to 32 Amp SPMCB (10 KA) C Curve (SOR 1002) | 1 | Nos. | |
| i | 100 watt Flood Light | 1 | Nos. | |

सहायक अभियंता (निर्माण), नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

**GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL**
(Affiliated to CBSE)
**NEW MANDI, MUZAFFARNAGAR**
Estd. 1985
Jr. Wing : New Mandi, Ph. No. 8899102141
Sr. Wing : Naveen Mandi Sthal, Ph. No. 8899402549
presents
most awaited event of the year
**GRAIN DEEPOTSAV**



**Attractions :**
1. Inter School Dance Competition.
2. Many more fascinating cultural events.
3. Mouth watering eatable stalls.
4. Socio-Eco awareness programmes.
5. Lucky Draws after each hour.



Day & Date : **Tuesday, 14th October, 2025**
Opening Time : **4:30 p.m. onwards**
Venue : **Grain Chamber Public School (Jr. Wing) New Mandi, Muzaffarnagar**

**For Stall Booking, Please Contact : 9760629875**
**(Entry strictly by PASS only)**
**PASSES are available at School Office & OM Book Depot, Muzaffarnagar**

### शेष : माँ दुर्गा की छठी शक्ति ...

मां दुर्गा के छठवें स्वरूप का नाम कात्यायनी है। इनका कात्यायनी नाम पड़ने की कथा इस प्रकार है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली थी। कुछ काल पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिये एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलायीं। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहां पुत्री रूप से उत्पन्न भी हुई थीं। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिये ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रज मण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त ही भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्कर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है। दुर्गा पूजा के छठवें दिन इनके स्वरूप की उपासना की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्त को सहज भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मान्तर के पापों को विनष्ट करने के लिये मां की उपासना से अधिक सुगम और सरल मार्ग दूसरा नहीं है। इनका उपासक निरन्तर इनके सान्निध्य में रह कर परम पद का अधिकारी बन जाता है। अतः हमें सर्वतोभावेन मां के शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिये तत्पर होना चाहिये।